तापमान

अधिकतम 30 .2 डिग्री
न्यूनतम 8.9 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार 16 फरवरी 2026



12 महाशिवरात्रि : आस्था के साथ शिवलिंग पर किया जलाभिषेक...



12 डिप्टी रजिस्ट्रार बारे शिकायत को लेकर हरकत में आया मुरथल विवि




## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आए बुजुर्ग की शिनाख्त

**सोनीपत।** कालका से दिल्ली जा रही शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आए बुजुर्ग की शिनाख्त उत्तराखंड के पिथौरागढ़ फिलहाल पंचम नगर निवासी हरी सिंह की रूप में हुई। हादसा शनिवार सुबह 10:35 बजे रोहतक रोड आरओबी के पास हुआ। ट्रेन के लोको पायलट संतोष कुमार से सूचना मिलने के बाद राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर शिनाख्त में लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया था। ट्रेन की चपेट में आए बुजुर्ग की सूचना मिलने के बाद परिजन जीआरपी थाने में पहुंचे।

### रुपये के लेनदेन को लेकर महिला से मारपीट

**गन्नौर।** उधार दिए गए रुपयों के विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। खुबडू रोड, गांधी नगर निवासी सविता ने इस संबंध में थाना गन्नौर में शिकायत दी। उसने बताया कि पांची रोड निवासी गीता ने 31 मार्च 2025 को पारिवारिक मजबूरी बताकर पांच लाख रुपये उधार मांगे थे। आरोप है कि अलग-अलग तिथियों में आनलाइन ट्रांसफर व नकद मिलाकर चार लाख रुपये दिए गए, लेकिन उसने पैसे वापस नहीं लौटाई। 13 फरवरी को जब वह पति के साथ पैसे मांगने गई तो उसके साथ गाली-गलौज की।

### हिंदू सम्मेलन में हुआ धर्म-संस्कृति पर मंथन

**सोनीपत।** राठधना रोड पर रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज, राई विधायक कृष्णा गहलावत व गन्नौर के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई तथा समाजसेवी देवेन्द्र गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन में धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की एकता पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भारत की शक्ति उसकी सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता में निहित है। ऐसे सम्मेलन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

## सफाई एजेंसी को नोटिस देकर जुर्माने लगाने के बावजूद भी समस्या बरकरार

# शहर में सफाई व्यवस्था लचर, अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स बोर्ड पर नजरें तीखी करेगा निगम

1. शहर में कई जगह नहीं हो रहा कूड़े का उठान, आईटीआई की दीवार के साथ फिर लगा कचरे का ढेर
2. पॉश इलाकों में भी नियमित रूप से नहीं हो रही सफाई, शिकायतों के बावजूद भी समाधान नहीं
3. नागरिकों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर समस्या में सुधार लाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में बढ़ती सफाई की लचर व्यवस्था से शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न जगह लगे कूड़े के ढेर, नियमित सफाई न होने व कूड़ा उठान में लापरवाही के मामले स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखा रहे हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर शहर के पॉश इलाके भी अछूते नहीं हैं। प्रमुख मार्गों पर कूड़े के ढेर लगने होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद सफाई नहीं हो रही है। उधर शहरभर में जगह-जगह लगे अवैध होर्डिंग्स बोर्ड पर निगम नजरें तीखी करेगा। साथ ही दुकानदारों, रेहड़ी संचालकों को अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई है। रामनिवास, प्रमोद कुमार, हरिराम, विकास कुमार ने बताया राठधना रोड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के अभाव है।



**सोनीपत।** राठधना रोड स्थित आईटीआई की दीवार के साथ सड़क पर फैला कूड़े का ढेर।

### कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप

इससे लोगों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है। उठान न होने से कूड़े का ढेर बढ़ता जा रहा है। शहर के पॉश इलाके भी सफाई व्यवस्था से प्रभावित हैं। नियमित रूप से सफाई व कूड़े का उठान नहीं किया जा रहा है। शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराने लगी है। नियमित रूप से उठान नहीं होने पर अब लोग घरों से बाहर चौक-चौराहे व गालियों में कूड़े फेंकने लगे हैं। लोगों ने नगर निगम व सफाई एजेंसी के कर्मचारियों पर कूड़ा उठान में लापरवाही बरतने का आरोप है।

### केवल आश्वासन लग रहे हाथ

सफाई की अव्यवस्था संबंधी समस्या को लेकर लोग नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के समक्ष रोजाना अपनी शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन लोगों के हाथ केवल आश्वासन ही लग रहे हैं। इससे शहरवासियों में नगर निगम प्रबंधन के खिलाफ रोष बढ़ता जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने की मांग की है।

### बिगड़ी सफाई व्यवस्था पर इसी माह लगा जुर्माना

लोगों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम के अधिकारी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाने के लिए कई बार सख्त रवैया अपना चुके हैं। निगम की ओर से शहर में बिगड़ी सफाई व्यवस्था पर 3 फरवरी को संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी करने के साथ करीब 4.50 लाख रुपये का भी जुर्माना लगाया जा चुका है। इसके बावजूद स्वच्छता संबंधी सुधार दुरुस्त नजर नहीं आ रहे हैं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिए संबंधित कंपनी को सख्त हिदायत दी गई है। सफाई की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कहीं सफाई का अभाव है, लापरवाही बरती जा रही है, तो निगम की ओर से कड़ा रुख अपनाकर कर्मियों से जवाब तलब किया जाएगा।
**-साहब सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक,** नगर निगम, सोनीपत

शहर में जगह-जगह खंभों, दीवारों, सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से होर्डिंग्स, पंपलेट लगाना गलत है। मामले में शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की ओर से शिकायत भी दी गई है। निगम ने जल्द होर्डिंग्स व पंपलेट लगाने वालों पर कार्रवाई का निर्णय लिया है।
*-अजय निराला, कार्यकारी अभियंता, नगर निगम, सोनीपत*

## भारत-अमेरिका के बीच हाल ही में हुए व्यापार समझौते को किसान के खिलाफ बताया

# गांव स्तर पर किया विरोध जलाई समझौते की प्रतियां



- कहा- आयात-निर्यात के असमान दबाव से घरेलू कृषि बाजार पर विपरीत असर पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

भारत–अमेरिका के बीच हाल ही में हुए व्यापार समझौते को किसान और किसानी के खिलाफ बताते हुए भारतीय किसान यूनियन, (सिद्धपुर) इकाई ने गांव स्तर पर एक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। यूनियन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में व्यापार समझौते की प्रतियों को होली की भांति जला कर इसका विरोध किया गया। जिला अध्यक्ष वेदी दहिया ने कहा कि यह समझौता किसानों के हित में नहीं है और इससे देश के कृषि समुदाय को असमय नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि अमेरिका के साथ यह व्यापार नीति किसानों को कमजोर करने वाली है और इससे आयात-निर्यात के असमान दबाव से घरेलू कृषि बाजार पर विपरीत असर पड़ेगा।

### किसान विरोधी नीति को वापस लें : दहिया

वेदी दहिया ने कहा कि हमारा मानना है कि यह समझौता किसान विरोधी है और इसे किसान हितैषी नहीं कहा जा सकता। कार्यक्रम में शामिल बड़ी संख्या में किसानों ने मिलकर व्यापार समझौते की प्रतियों को अग्नि के हवाले किया और किसान विरोधी नीति वापस लो और देशी किसानों का हित सर्वोपरि जैसे नारे लगाए। यूनियन का कहना है कि इस तरह के समझौतों से किसान आर्थिक रूप से असमर्थ हो जाएंगे और उनकी आय में गिरावट आएगी। ऐसे में उनकी तरफ से रविवार को इस समझौते का विरोध करते हुए गोपालपुर, छिन्नौली, सिसाना, पाई, पहलादपुर, रोहणा, किढौली, सोहटी व थाना कलां सहित अन्य गांवों में भी इस व्यापार समझौते की प्रतियों को जलाते हुए विरोध जताया गया है।

# 'हम सब ने ठाना है, बाल विवाह मिटाना है' का गूंजा नारा

- हजारों ग्रामीणों को दिलाई शपथ, महिलाओं की रही विशेष भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के तहत जेआरसी एवं एमडीडी ऑफ इंडिया सोनीपत टीम द्वारा पिछले दो दिनों में बाल विवाह मुक्त रथ के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों और गांवों का तूफानी दौरा किया गया। इस दौरान "हम सब ने ठाना है, बाल विवाह मिटाना है" का नारा गांव-गांव में गूंजा और हजारों ग्रामीणों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत रथ ने लगभग 14-15 स्थानों का भ्रमण किया, जिनमें कोर्ट रोड, शास्त्री कॉलोनी, मयूर विहार रोड, पांची जाटन, उदेसीपुर, पुरखास, पुरखास राठी, कैलाना, हुल्लाहेड़ी, चिताना, जुआं, जुआं-2 सहित अन्य गांव शामिल रहे। इन स्थानों पर स्कूल, आईटीआई, कॉलेज, आंगनवाड़ी केंद्र, चौपाल, मंदिर, टेंट हाउस और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।




### किया जागरूक

अभियान के दौरान महिलाओं, युवतियों और किशोरियों की विशेष भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों ने बाल विवाह रोकने और समाज से इस कुप्रथा को खत्म करने की सामूहिक शपथ ली। रथ के साथ चल रही टीम में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. राज सिंह सांगवान, वीएससी सुनीता देवी, वीएएससी विकास दहिया, सीएसडब्ल्यू रमन्ना और सरिता शामिल रहे। टीम ने सभी गांवों में शपथ कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानून संबंधी जानकारी दी।

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी आस्था...



सोनीपत के 108 बगलामुखी विष्णेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

*महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तों ने शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठे। महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखा, वहीं युवाओं और बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया।*

## दर्दनाक हादसे

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत

**गन्नौर।** जीटी रोड पर ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक के रिश्तेदार ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में माडल टाउन, पानीपत निवासी अनिल गिरी ने बताया कि वह 12 फरवरी को अपने मौसा हरिनगर, पानीपत निवासी सुरेश कुमार के साथ रिश्तेदारी में तेरहवीं में शामिल होकर बाइक से लौट रहे थे। जब वे डिवाइन सिटी गन्नौर के नजदीक पहुंचे तो पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, चालक फरार

**सोनीपत।** ककरोई रोड पर शनिवार दोपहर बाद गांव जा रहे साइकिल सवार बुजुर्ग को एक ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक भाग निकला। गांव ककरोई निवासी ऋषिराम (70) शनिवार को साइकिल पर सवार होकर किसी काम से सोनीपत आए हुए थे। दोपहर बाद वह अपना काम निपटाने के बाद गांव की तरफ जाने लगे, तो रास्ते में मंदिर के पास ट्रैक्टर चालक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। इससे वह साइकिल सहित सड़क पर जा गिरे और हादसे में उनकी मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना सदर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

*मुनि 1008 श्री निश्चिंत सागर जी महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम*

# आचार्य विद्यासागर सभागार व त्यागी भवन का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जैन समाज द्वारा गोहाना जैन स्थानक के पास आचार्य विद्यासागर सभागार एवं त्यागी भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुनि निश्चिंत सागर महाराज के सानिध्य में यह कार्यक्रम भगवान महावीर स्वामी दिगम्बर जैन मंदिर समिति पुरानी अनाज मंडी गोहाना के तत्वावधान में आयोजित हुआ। भगवान मुनि सुव्रतनाथ के मोक्ष कल्याण दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनीपत नगर गिम के पूर्व मेयर राजीव जैन, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के निजी सहायक सुनील शर्मा और विपिन गोयल थे। अध्यक्षता दिगम्बर जैन मंदिर समाज इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र जैन उर्फ गुल्लू ने की। संयुक्त संयोजन वीरेंद्र जैन, सचिव पंकज जैन, अशोक जैन, राजेश जैन, सुधीर जैन, संदीप जैन और संजय जैन का रहा। कार्यक्रम में रामधारी जिंदल, रामधन भारतीय, वेद जैन, ईश्वर जैन, कुलदीप कौशिक और कृष्ण दुरेजा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। आचार्य विद्यासागर सभागार एवं त्यागी भवन निर्माण के लिए जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नाम 11 लाख रुपये का चेक दिया गया।



# प्रॉपर्टी टैक्स के विरोध में समितियां गठित करने का निर्णय

- सर्व टैक्स विरोध समिति की ओर से गांव फाजिलपुर स्थित शिव मंदिर में की गई पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सर्व टैक्स विरोध समिति की ओर से गांव फाजिलपुर स्थित शिव मंदिर में रविवार को पंचायत बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष महासिंह नंबरदार ने की। पंचायत का मुख्य एजेंडा सभी गांवों का प्रॉपर्टी टैक्स माफ करवाने के लिए नगर निगम से सार्वजनिक नोटिफिकेशन जारी करवाना रहा। इसी उद्देश्य की पूर्ति व नगर निगम के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों की साझा समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए समिति का विस्तार करने का निर्णय लिया गया, ताकि व्यवस्थित तरीके से समिति आगे की योजनाओं को धरातल पर लागू कर सके। अध्यक्ष महासिंह नंबरदार ने बताया कि पंचायत में कई समितियों का गठन किया गया। इनमें एक सभा आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसका उद्देश्य भविष्य में आयोजित की जाने वाली सभाओं के बारे में योजना बनाना होगा।



**सोनीपत।** गांव फाजिलपुर स्थित शिव मंदिर में पंचायत के दौरान सर्व टैक्स विरोध समिति के सदस्यों व ग्रामीणों को आश्वासन देते विधायक निखिल मदान।

### लोगों को दिया आश्वासन

विधायक निखिल मदान ने मंदिर में शिवरात्रि पर लगाए गए भंडारे में शिरकत की। उन्होंने समिति की पंचायत में पहुंचकर टैक्स माफी के लिए जल्द मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से समय लेकर बैठक करवाने व मांगों का स्थाई समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि नगर निगम हाउस की बैठक में वह अपने कार्यकाल में पहले ही प्रस्ताव पास कर चुके हैं। इस मुद्दे के स्थाई समाधान के लिए विधानसभा में भी आवाज उठाई गई थी। पंचायत में रोहताश राणा, राजकुमार राणा, प्रधान सतीश सरोहा, महेंद्र सरोहा, जिले सिंह सरोहा, प्रधान पवन खत्री, सुरेंद्र खत्री, चांदरूप, राजेंद्र दास आदि रहे।

**राहत** रेलवे ने 5 से 27 मार्च तक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का लिया निर्णय

# मऊ स्टेशन से अंबाला कैंट तक रफ्तार भरेगी होली स्पेशल ट्रेन, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

प्रत्येक वीरवार व शुक्रवार को चलेगी स्पेशल ट्रेन, स्टेशन पर दो मिनट का होगा ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उत्तर रेल मंडल ने होली उत्सव को लेकर विभिन्न रूटों के साथ दिल्ली-अंबाला रूट पर भी साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया है। उत्तरप्रदेश के मऊ जंक्शन से अंबाला कैंट तक 5 से 27 मार्च तक अप-डाउन रूट पर साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह निर्णय ट्रेनों में बढ़ती भीड़ व यात्रियों की सुविधा को देखते हुए लिया गया है। इससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।



**सोनीपत।** स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

### होली पर विभिन्न जिलों से लोग घर लौटेंगे

विभिन्न प्रदेश व जिलों में अपने घरों से दूर कार्यरत लोग होली पर्व मनाने के लिए अपने घर लौटेंगे। स्पेशल ट्रेन के परिचालन से यात्री सुविधाजनक आवागमन कर सकेंगे। होली स्पेशल ट्रेन (05301-05302) सप्ताह में एक दिन मऊ जंक्शन व एक दिन अंबाला से अपनी यात्रा प्रारंभ करेगी। 5 से 26 मार्च तक ट्रेन संख्या 05301 प्रत्येक वीरवार को मऊ जंक्शन से सुबह 4:00 बजे अपनी यात्रा प्रारंभ कर सोनीपत के रास्ते रात 12:30 बजे अंबाला कैंट पहुंचेगी।

### *सोनीपत सहित 16 स्टेशनों पर 2 मिनट का ठहराव*

*एसी, स्लीपर व सामान्य डिब्बों वाली साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन का मार्ग में सोनीपत सहित 16 स्टेशनों पर 2 मिनट का ठहराव निर्धारित किया गया है। ट्रेन मऊ जंक्शन से चलकर बेल्थारा, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, बुढ़वाल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, सोनीपत, पानीपत होते हुए अंबाला कैंट में अपनी यात्रा संपन्न करेगी।*

### वेटिंग का दौर शुरू, नहीं मिल रही आरक्षित टिकट

होली का पर्व नजदीक होने के चलते इन दिनों लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों में वेटिंग का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में यात्रियों को आरक्षित टिकट नहीं मिल पा रहा है। यात्रियों की सुविधा के चलते होली पर्व के बाद मऊ-अंबाला रूट पर होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

### रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयासरत

रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयासरत है। रेलवे ने ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का 5 से 27 मार्च तक मऊ जंक्शन से अंबाला कैंट तक अप-डाउन दोनों रूट पर परिचालन किया जाएगा। इससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।
*-**हिमांशु शेखर उपाध्याय,** मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे*

### एक परिवार के तीन सदस्यों पर हमला, केस

**गन्नौर।** घसौली गांव में सफाई कार्य को लेकर पड़ोसियों के बीच झगड़ा हो गया। पड़ोसियों के साथ कहासुनी के बाद एक परिवार पर हमला कर दिया गया, जिसमें पति-पत्नी और उनकी बुजुर्ग मां घायल हो गए। घायल महिला ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। गांव घसौली निवासी निवासी पूजा त्यागी ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 को घर के सामने सफाई कार्य को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी कर्मबीर त्यागी, सुखबीर त्यागी, कृष्ण त्यागी, नरेश, बोना प्रभु सहित अन्य लोगों ने उनके पति के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचीं उनकी सास कौशल्या देवी पर भी आरोपितों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता के अनुसार, बाद में जब वह गांव पहुंची और आरोपितों से झगड़े का कारण पूछा तो कुछ महिलाओं व अन्य लोगों ने उस पर भी लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर में गंभीर चोट आई और 17 टांके लगाने पड़े। प्राथमिक उपचार के बाद उसे खानपुर मेडिकल रेफर किया गया।

# सोनीपत में शब्दों का उत्सव देर रात तक गूंजते रहे ठहाके

## हरिभूमि के 9वें कवि सम्मेलन में बांधा समां लोटपोट हुए श्रोतागण

## जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के ऑडिटोरियम में सजा राष्ट्रीय कवियों का मंच

### दीप प्रज्ज्वलन से शुभारंभ



कवि सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करतीं राई विधायक कृष्णा गहलावत, साथ हैं सोनीपत के विधायक निखिल मदान, राज्य सूचना आयुक्त हरियाणा डॉ. कुलबीर छिक्कारा, सोनीपत के पूर्व मेयर राजीव जैन , भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक व हरिभूमि स्थानीय के संपादक हिमांशु घिल्डियाल।



शूटिंग चैंपियन आकृति दहिया की उपलब्धियों के बारे में सदन को बताते कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं राज्य सूचना आयुक्त हरियाणा डॉ. कुलबीर छिक्कारा, साथ में आकृति के पिता रणदीप दहिया।



कवि सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज का स्वागत करते हरिभूमि सोनीपत कार्यालय प्रमुख दीपक वर्मा।



कवि सम्मेलन में हरिभूमि के सोनीपत के न्यूज पेपर एजेंट सुरेंद्र सेठी को सम्मानित करते सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रहमचारी।

**सोनीपत।** फरवरी की हल्की ठंड, हवा में घुली मद्धम ठिठुरन और साहित्यिक उल्लास से सजी एक यादगार शाम—शहर का अनुपम दृश्य सोनीपत में देखने को मिला। मुरथल रोड स्थित जीवीएम कन्या महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में हरिभूमि द्वारा आयोजित 9वें कवि सम्मेलन ने श्रोताओं को शब्दों के रंगमंच पर ऐसा बांधा कि रात ढलने तक सभागार तालियों, मुस्कानों और ठहाकों से सराबोर रहा। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके की गई। सभी ने आर्य समाज के पुरोधा चौधरी मित्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और मोनिका देहलवी मां सरस्वती की वंदना की। शाम लगभग 6:45 बजे हुआ और रात 10 बजे तक चलता रहा। सम्मेलन में मंच पर जैसे ही कवियों ने अपनी रचनाओं का पिटारा खोला, श्रोताओं के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। कवियों की ओर से मंच संचालन डॉ. रसिक गुप्ता द्वारा किया गया। सबसे पहले मंच पर इंदौर के चेतन चर्चित आए और अपनी चुटीली शैली और ताजगी भरे हास्य से सभागार को ठहाकों से भर दिया। डॉ. महेश दूबे ने खूब गुदगुदाया, मोनिका देहलवी ने श्रृंगार रस के गीतों से सभी को भाव विभोर कर दिया। वहीं डॉ. रसिक गुप्ता ने एक से बढ़कर एक चुटकुले सुनाएं। सम्मेलन में डॉ. सर्वेश अस्थाना ने अपने अंदाज में हंसी से भरे कई किस्से और चुटकुले सुनाए। इस मौके पर सोनीपत लोकसभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, राई विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत विधायक निखिल मदान, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व मेयर राजीव जैन, प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. कमलेश मलिक, प्रताप स्कूल खरखौदा की प्राचार्या दया दहिया, डॉ. आरके गुप्ता, जिला व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय सिंगला, सीए दीपक गुप्ता, सुरेश कालड़ा, डॉ. विजयपाल नैन, परिमल कुमार, डॉ. राजबीर सिंह, कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान, ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजीव दहिया, वरिष्ठ नेता जयभगवान आंतिल, पूर्व पार्षद नीतू दहिया, राजेश दहिया, कमल हसीजा, प्रो. बंसीलाल, भाजपा वरिष्ठ नेता देवेंद्र कौशिक, आजाद नेहरा, जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, जिला महामंत्री तरुण देवीदास, पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, मास्टर सतनारायण आंतिल, निशांत छौक्कर, नरेश वर्मा, संजय ठेकेदार, दीपांशु सैनी, राजबीर सैनी, युद्धविंद्र सिंह, जोगेंद्र वर्मा, एडवोकेट वीरेंद्र दूहन, एडवोकेट देवेंद्र गौतम, समाजसेवी प्रेम गौतम, डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. मनमोहन मिश्रा, सुनील अटकान व पूर्व पार्षद सुरेंद्र मदान आदि मौजूद रहे।




### मंच संचालन ने बांधे रखा प्रवाह

किसी भी कवि सम्मेलन की सफलता में मंच संचालन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और इस आयोजन में यह जिम्मेदारी कुशलता के साथ डॉ. सुभाष सिसोदिया ने निभाई। कवियों की ओर से मंच संचालन की कमान डॉ. रसिक गुप्ता ने संभाली। उनकी सहज, प्रभावशाली और संवादात्मक शैली ने पूरे कार्यक्रम को एक सुसंगत प्रवाह दिया। उन्होंने न केवल कवियों को मंच पर आमंत्रित किया, बल्कि श्रोताओं और रचनाकारों के बीच एक जीवंत सेतु का कार्य भी किया। हास्यपूर्ण टिप्पणियां, साहित्यिक संदर्भ और समय-समय पर किए गए चुटीले संवादों ने कार्यक्रम को निरंतर रोचक बनाए रखा।

### कुर्सियों से चिपके रहे श्रोता

इस लंबी अवधि के बावजूद श्रोताओं की उत्सुकता और तन्मयता में कहीं भी कमी नहीं दिखी। कार्यक्रम के अंत तक लोग अपनी कुर्सियों से चिपके रहे, मानो हर अगली प्रस्तुति उनके लिए एक नई अनुभूति लेकर आ रही हो। कई श्रोताओं के चेहरों पर यह भाव स्पष्ट दिखा कि वे केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि मानसिक ताजगी और भावनात्मक संतुलन के लिए इस आयोजन का हिस्सा बने हैं। कवियों की रचनाओं पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। कवि की हास्य कविताओं ने दर्शकों को जमकर गुदगुदाया।

### इनका सहयोग रहा

इस साहित्यिक उत्सव के सफल आयोजन में जीवीएम शिक्षण संस्थान, दीवान चैरिटेबल ट्रस्ट, हीरो मदान मोटर्स, वर्मा पैथोलॉजी लैबोरेट्री, जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल, शिवा शिक्षा सदन, ग्रीन वैली इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड री. सेंटर, मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स, बहालगढ़ स्टील उद्योग, ट्रेडिंग गुरुकुल पीआर कैपिटल–ए स्टॉक मार्केट इंस्टीट्यूट, द डिवाइन सिटी, अंड्रोमेडा कैंसर हॉस्पिटल, मामा यादव शिवा ढाबा, पीएनबी किचनमेट, जैन विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती शिक्षा संस्थान वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल, ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल, अपोलो इंटरनेशनल स्कूल, ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सुखदेव ढाबा, समाज सेवी वीरेंद्र बंसल और मीडिया पार्टनर जनता टीवी का विशेष सहयोग रहा

### महेश दुबे



– इकरार तौबा–2, इनकार तौबा–2, आजकल की लड़कियों से प्यार तौबा–2, दिखने में खूबसूरत, असली नहीं सूरत, मेकअप हटा दो निकलेगा भंगार तौबा–2

– छोटी बड़ी हर खुशी छीन ली है, प्रेमी से जैसे प्रियसी छीन ली है, बहत याद आती है मुझे गरीबी, तरक्की ने मेरी हंसी छीन ली है...

– एक लड़का डॉक्टर के पास गया, पैर नीले पड़ गए थे, दर्द था, डॉक्टर ने पहले एक पैर काट दिया, फिर दूसरा काटने की नौबत आई तो डॉक्टर बोला, ओह तुम्हारी तो जींस ही रंग छोड़ती है।

– मेरी पत्नी बोलीं मुझे किसी महंगी जगह लेकर चलो, मैं उसे लेकर पेट्रोल पंप लेकर चला गया, एक दिन बोली ऐसी जगह ले चलो जहां सब जाते हैं, मैं शमशान लेकर चला गया...

### मोनिका देहलवी



– दीवानों में ढूंढो इनको ये दीवानों में मिलते हैं, मेरे ठुकराए हुए सब मयखानों में मिलते हैं, सच्ची मोहब्बत ठुकराकर से मत समझो, तुम जैसे हजार पागलखानों में मिलते हैं

– चाहत में तकरी खुद को डुबोते चले गए, आंखों में तेरी खोए तो खोते चले गए, वश में कहां था ये शायरी करूं, कुछ शेर तेरी याद में होते चले गए..

– मोहब्बत में जरूरी है कि अब ये हादसा हो, मैं थोड़ी बेवफा हो लूं, तू भी थोड़ी बवफाई कर ले, चलो बदनाम हो जाते हैं गलियों में मोहब्बत की, जमाने में चर्चा हमारा हो ले.

– यदि प्यार में हम इतने समर्पित न होते, दुनिया में तेरे नाम से चर्चित ना होते, तुम साथ निभाते तो ये नौबत नहीं आती, खत आपके गंगा में विसर्जित न होते . . .

– खौफमें ही खत्म कर दोगे अगर ये बेटियां, सर उठाकर देखो गर्व से इन्हें, आजकल चांद पर जाने लगी हैं बेटियां

### चेतन चर्चित



– अपनी बातों का मैं ऐसे मजा लेता हूं, पव्वा हूं मगर बोतल का मजा देता हूं

– मेरा कद छोटा है, लेकिन इसमें कांग्रेस की गलती है, दरअसल जब मैं पैदा हो रहा था तो कांग्रेस की सरकार थी, बिजली बहुत जाती थी। मेरे पैदा होते हुए बिजली चली गई, जितना पैदा हुआ आपके सामने हूं...

– एक लड़की रोज मेरे घर के आगे से गुजरती थी, मैं उसे देखकर रोज लव लेटर फेंक देता था, वो उठा लेती थी। कई दिन ऐसे ही बीते, लेकिन लड़की की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। मैंने अपने दोस्त तो यह बात बताई तो उसने बताया यह लड़की कूड़ा उठाने वाली है और वो लेटर नहीं कूड़ा लेकर जाती है...

– मुझे लड़की वाले देखने आए तो पिता जी ने समझाया...

## सामाजिक सरोकार : इन्हें सम्मानित किया



समाजसेवी जितेंद्र कामरा को सम्मानित करते कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व सोनीपत विधायक निखिल मदान।

**जितेंद्र कामरा :** जितेंद्र कामरा को समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कामरा हर सप्ताह मंदिर में भंडारा करते हैं और भूखों को भोजन करवाते हैं। इसके अलावा भी कई तरह की समाज सेवा के कार्य करते हैं।



समाजसेवी ऋषिपाल भदाना को सम्मानित करतीं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि व राई विधायक कृष्णा गहलावत।

**ऋषिपाल भदाना :** पुलिस से स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति ली। गांव-गांव में राष्ट्रीय एकता के लिए राष्ट्र भ्रातृ यज्ञ करवाते हैं। बड़े स्तर पर पौधरोपण करते हैं। करीब 10 हजार बच्चों को सम्मानित कर चुके हैं। निरंतर समाजसेवा में लगे हुए हैं।



शूटिंग चैंपियन आकृति की माता को सम्मानित करतीं राई विधायक कृष्णा गहलावत व सोनीपत के पूर्व मेयर राजीव जैन।

**आकृति दहिया :** वहीं खेल के क्षेत्र में शूटिंग चैम्पियन आकृति दहिया को सम्मानित किया गया। पुरस्कार उनके पिता रणदीप दहिया और रीतू दहिया ने ग्रहण किया। आकृति दहिया अपने प्रशिक्षण के चलते कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाई।



समाजसेवी सुमित अलख को सम्मानित करते भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक।

**सुमित अलख :** मानव सेवा ट्रस्ट चलाते हैं। कई साल से सर्दियों में कंबल वितरण कर रहे हैं। निःशुल्क लाइब्रेरी भी चलाते हैं और समय-समय पर कई तरह के सेवा के कार्य भी करते हैं। जरूरतमंदों की मदद कर रहे है।



समाजसेवी अमिताभ राठौर को सम्मानित करते जीवीएम संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी।

**अमिताभ राठौर :** साई मंदिर ट्रस्ट के प्रधान हैं। ट्रस्ट द्वारा मंदिर चलाया जाता है और रोज गरीब लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा भी कई तरह के सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर कर भाग लेते है।



समाजसेवी हरीश वधवा को सम्मानित करते कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व सोनीपत के विधायक निखिल मदान।

**हरीश वधवा:** लायंस क्लब से जुड़े हैं। सैकड़ों लड़कियों की शादी करवा चुके हैं। रक्तदान और आंखों की जांच के शिविर लगाते हैं। स्कूली बच्चों को जर्सी, जूते और साइकिल आदि वितरित करते हैं।

### आयोजन बेहद व्यवस्थित रहा



कवि सम्मेलन का अनुभव वाकई अद्भुत रहा। शुरू से अंत तक कार्यक्रम में ऊर्जा बनी रही। हर कवि की प्रस्तुति में अलग अंदाज देखने को मिला। हास्य, व्यंग्य और संवेदना का सुंदर मिश्रण था। कविताओं ने कई जगह सोचने पर मजबूर किया। दर्शकों की भागीदारी भी काफी उत्साहपूर्ण रही। हरिभूमि का यह आयोजन बेहद व्यवस्थित लगा।

**-तरुण देवीदास**, भाजपा, जिला महामंत्री

### माहौल साहित्यिक रंग में रंगा



आज का कवि सम्मेलन दिल को छू गया। इतनी अच्छी कविताएं एक साथ सुनने को मिलीं। हर रचना में गहराई और भावनाएं साफ झलकीं। कवियों की प्रस्तुति बेहद प्रभावशाली रही। माहौल पूरी तरह साहित्यिक रंग में रंगा था। दर्शकों की भीड़ ने कार्यक्रम की सफलता दिखाई। हर कविता पर लोगों की प्रतिक्रिया शानदार रही।

**-सरदार मोहन सिंह मनोचा**, समाजसेवी

### भावनात्मक जुड़ाव पैदा किया



कार्यक्रम ने सच में मनोरंजन के साथ संदेश दिया। कवियों ने समसामयिक विषयों को बेहतरीन ढंग से रखा। कई कविताओं ने समाज का आईना दिखाया। हास्य कविताओं ने माहौल को हल्का और खुशनुमा बनाया। गंभीर रचनाओं ने भावनात्मक जुड़ाव पैदा किया। दर्शकों की तालियों ने कवियों का उत्साह बढ़ाया। हर प्रस्तुति में आत्मविश्वास साफ नजर आया।

**- बिजेंद्र मलिक**, भाजपा, गोहाना जिलाध्यक्ष

### सकारात्मक और प्रेरणादायक कार्यक्रम



इतनी बड़ी संख्या में लोगों का जुटना काबिल-ए-तारीफ है। यह बताता है कि साहित्य के प्रति प्रेम अभी भी जिंदा है। कवियों की आवाज में दम और संदेश दोनों थे। हर कविता ने अलग प्रभाव छोड़ा। माहौल पूरी तरह सकारात्मक और प्रेरणादायक था। दर्शकों की सहभागिता देखने लायक रही। कार्यक्रम का संचालन भी बेहद शानदार लगा।

**-दिलबाग सिंह**, शिक्षाविद

### सांस्कृतिक समृद्धि का शानदार पल



कवि सम्मेलन की शाम बेहद यादगार रही। हर कवि ने अपने अंदाज से दर्शकों को बांधे रखा। हास्य रचनाओं ने खूब हंसी बटोरी। व्यंग्य कविताओं ने समाज पर सटीक प्रहार किया। ऐसे कार्यक्रम समाज को नई दिशा देते है। हरिभूमि की पहल सराहनीय है।

**- रविन्द्र सरोहा, समाजसेवी, सोनीपत**

### ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए



कार्यक्रम में विविधता देखने को मिली। हर कवि की शैली अलग और प्रभावी थी। कविताओं में हास्य, व्यंग्य और संवेदना थी। श्रोताओं की प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही। हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज सुनाई दी। व्यवस्था शानदार रही। राष्ट्रीय कवियों को एक मंच पर देखना सुखद रहा।

**-नरेंद्र धीमान**, निदेशक बाल जागृति स्कूल

### हर प्रस्तुति पर दिखाई दिया उत्साह



आज की शाम साहित्य के नाम रही। कवियों की रचनाओं में गहराई और प्रभाव था। हर कविता में समाज से जुड़ा संदेश दिखा। हास्य कविताओं ने माहौल को जीवंत रखा। दर्शक उत्साह से भर गए। समाज को प्रेरणा देने वाले ऐसे कार्यक्रम लगातार होते रहने चाहिए।

**-प्रवीण सिंघल**, भारत विकास परिषद, गन्नौर

### हरिभूमि की टीम बधाई की पात्र



कवि सम्मेलन सच में शानदार रहा। कवियों की प्रस्तुति में आत्मविश्वास और ऊर्जा थी। कविताओं ने हंसाया भी और सोचने पर मजबूर भी किया। हर कविता से श्रोताओं को एक सकारात्मक संदेश दिया। हरिभूमि की टीम बधाई की पात्र है।

**-जसबीर दोदवा**, भाजपा, पूर्व जिलाध्यक्ष

### कविता ने अलग छाप छोड़ी



कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा। कवियों की रचनाएं बेहद प्रभावशाली थीं। हर कविता ने अलग छाप छोड़ी। हास्य कविताओं ने माहौल को हल्का रखा। गंभीर कविताओं ने दिल को छू लिया। दर्शकों की उपस्थिति शानदार रही। तालियों से माहौल गूंजता रहा। हरि भूमि का आयोजन काबिल-ए-तारीफ है। ऐसे मंच साहित्य को मजबूती देते हैं।

**-महेश सरदाना**, कोर्डिनेटर, फिम्स हॉस्पीटल

### भावनाओं का सुंदर संगम



कवि सम्मेलन का आयोजन बेहद आकर्षक रहा। हर कवि की प्रस्तुति में दम था। कविताओं ने हंसी और भावनाओं का सुंदर संगम दिखाया। दर्शकों की प्रतिक्रिया लगातार उत्साहजनक रही। माहौल पूरी तरह आनंदमय रहा। कार्यक्रम की व्यवस्था भी बेहतरीन लगी। हरिभूमि का प्रयास बेहद सफल रहा। ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए।

**-अशोक खत्री**, समाजसेवी

# यादगार अनुभव छोड़ गया कवियों का संगम

## कवि सम्मेलन में हास्य और व्यंग्य रचनाओं से श्रोतागण मंत्रमुग्ध





### डॉ. रसिक गुप्ता

– दुख की बदली छाई हजार, दुख का बादल हटा नहीं, दहशत दिखाई तलवारों से, पर बाजू कटा नहीं, संस्कृति पर हमले लाख हुए, भारत का गौरव घटा नहीं..

– मुझे इश्क की बीमारी नहीं होती, तमन्ना कभी पूरी सारी नहीं होती, झुलाता तो तुम्हें रोज बाहों में, अगर तू इतनी भारी ना होती..

– हरियाणा गौरव गीत : दूध दही का खाणा जित का दुनिया जनै पिछाणे सै, हरियाणे की मस्ती नै बालक–2 जाने सै, हुक्का भर–2 कढ्ढा सारा काम किया, टोटा कोन्या आया घर में खाणे और खिलाने में

– पुलिस वाले ने एक व्यक्ति की गाड़ी रोक ली, बोले, तुम्हें सम्मानित करना है पूरे नियमों के हिसाब से ड्राइविंग कर रहे हो, 1 हजार का इनाम मिलेगा, इस इनाम का तुम क्या करोगे, लड़का बोला लाइसेंस बनवाऊंगा, तभी लड़के की मां बोली, रुक जा इस इनाम से घर का सामान लेकर जाएंगे, दारू पीकर पता नहीं क्या क्या बोल रहा है. तभी लड़के का पिता बोला मैंने पहले ही कहा था चोरी की गाड़ी में ज्यादा दूर तक नहीं जा पाएंगे..

### सर्वेश अस्थाना



– मैं एक बार कवि सम्मेलन में गया तो सबसे बाद में मेरा नंबर आया। मैं कविता पाठ के लिए उठा तो देखा सिर्फ श्रोताओं में दो आदमी बैठे हैं, मैं निराश हुआ, लेकिन कविता पाठ किया, तभी उनमें से एक व्यक्ति बोला जल्दी–जल्दी कविता सुनाओ ये टैंट वाला है और ये माइक वाला, हमें सामान पैक करना है

– आप जैसे लोग अब मिलते नहीं हैं, इस महक के लोग अब मिलते नहीं हैं, आप चलकर आए तो शुक्रिया, लोग तो भूकंप में भी हिलते नहीं हैं..


– क्या बताऊं इस धरती पर कैसा लगता है, इस मिट्टी का जर्रा–2 अपना लगता है, मंदिर–मस्जिद, गिरजा, द्वारे चाहे जैसे हों, लोग जहां अच्छे हों, अच्छा लगता है..

– एक एक्टर से किसी ने पूछा महोदय एक प्रश्न हमारी समझ नहीं आया, आपने फिल्मी दुनिया छोड़ राजनीति को क्यों अपनाया, तो कलाकार ने जवाब दिया, फिल्मी दुनिया छोड़कर राजनीति में आने का एक ही कारण है कि राजनीति में एक्टिंग का सीधा प्रसारण होता है..

– कवि सर्वेश अस्थाना ने जीवन के अन्य पहलुओं पर भी कविता पाठ कर श्रोताओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया।

## कवि सम्मेलन में पहुंचे विशिष्ट अतिथियों ने हरिभूमि की पहल को सराहा

### सतपाल ब्रह्मचारी



कार्यक्रम में सोनीपत लोकसभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि सोनीपत के लोगों की सोच बदल गई है। आज सोनीपत की भूमि शिक्षा और उद्योग की भूमि है। आज यहां के लोग सेवा भाव से काम कर रहे हैं। हरिभूमि सामाजिक सरोकारों से जुड़कर समाज को सकारात्मक दिशा देने का काम कर रहा है।

### मोहन लाल बड़ौली



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कवियों ने लोगों को सकारात्मक रहने का संदेश दिया। ऐसे आयोजन शहर ही ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की जान होते हैं। कभी ठहाकों की गूंज, तो कभी गंभीर विचारों पर सन्नाटे जैसी तन्मयता—हर भाव ने कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा।

### कृष्णा गहलावत



राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हरिभूमि ने हमेशा समाज के प्रति जवाब देही निभाई है। कार्यक्रम में मंच पर रचनात्मकता का वह प्रवाह दिखाई दिया, जिसने श्रोताओं के मन-मस्तिष्क को छू लिया। भागदौड़ के जीवन में ऐसे कार्यक्रम समाज को नई दिशा दे रहे है। कवियों की शानदार रचनाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### निखिल मदान



सोनीपत के विधायक निखिल मदान ने कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। हरिभूमि ऐसे ही जनता की आवाज बनकर और आगे बढ़ता रहे। कवियों की प्रस्तुति में शब्दों की मिठास, व्यंग्य की धार और हास्य की सहज खिलखिलाहट का अद्भुत संतुलन देखने को मिला। कवियों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को कार्यक्रम के अंत तक बांधे रखा।

### राजीव जैन



कार्यक्रम में सोनीपत के पूर्व मेयर राजीव जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन कविताओं के माध्यम से राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित भावना को भरने का काम करते हैं। ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। कवि सम्मेलन का अनुभव यादगार रहा। कवियों ने जीवन के हर रंग को छूआ। हास्य रचनाओं से मनोरंजन किया।

## इनका रहा सहयोग



हरिभूमि कवि सम्मेलन को–स्पॉन्सर जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत की प्राचार्या डॉ. मंजूला स्पाह को स्मृति चिन्ह भेंट करते सांसद सतपाल ब्रह्मचारी साथ में कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दीवान एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजीव दहिया।



कवि सम्मेलन के को– स्पॉन्सर वर्मा पैथोलोजी के डायरेक्टर प्रवीण वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष कमल दीवान, साथ हैं सोनीपत सांसद।



हरिभूमि के 9वें कवि सम्मेलन में टेलीविजन पार्टनर जनता टीवी के प्रतिनिधि सतेंद्र को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सोनीपत शहर के पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार।

## माहौल को और जीवंत बना दिया



कवि सम्मेलन का अनुभव मेरे लिए सच में यादगार रहा। शुरुआत से लेकर अंत तक मंच पर ऊर्जा बनी रही। हर कवि की प्रस्तुति में अलग रंग और अलग भाव देखने को मिला। कहीं ठहाके गूंजे, तो कहीं शब्दों ने मन को छू लिया। कवि सम्मेलन हर स्तर पर कामयाब रहा।

**राकेश कुमार जैन**, मैनेजर, जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल

## कवियों का हर शब्द मन को छू गया



आज के दौर में ऐसे साहित्यिक आयोजनों की खास जरूरत है। मंच पर प्रस्तुत हर रचना में गहराई और प्रभाव स्पष्ट था। कवियों ने समाज के कई पहलुओं को बेहद सहजता से रखा। शब्दों की ताकत का वास्तविक एहसास हुआ। कवियों का हर शब्द मन को अंदर तक छू गया।

**विनोद गुर्जर**, मैनेजर, हीरो मदान मोटर्स

## व्यंग्य ने हंसाया और सोचने पर मजबूर भी किया



कवि सम्मेलन ने सच में शाम को खास बना दिया। हर प्रस्तुति में ताजगी और आत्मीयता महसूस हुई। कविताओं में सामाजिक सरोकार साफ झलक रहे थे। व्यंग्य ने हंसाया भी और सोचने पर मजबूर भी किया। संवेदनात्मक रचनाओं ने मन को अंदर तक झकझोर दिया। कवियों की रचनाएं लाजवाब थी।

**प्रदीप आर्य**, मामा यादव ढाबा

## समाज को नई दृष्टि दी



कार्यक्रम की व्यवस्था और अनुशासन काबिले तारीफ रहा। मंच पर हर कवि को पूरा सम्मान और समय मिला। प्रस्तुतियों में विविधता ने पूरे माहौल को जीवंत रखा। हास्य, ओज और संवेदना का अद्भुत संगम देखने को मिला। कवियों ने समाज को आईना दिखाने का काम किया।

**राकेश बजाज**, एमडी, पीएनबी किचनमेट, कुंडली

## शब्दों की शक्ति आज भी जीवित



कवि सम्मेलन ने यह साबित कर दिया कि शब्दों की शक्ति आज भी जीवित है। मंच पर प्रस्तुत हर रचना में भावनाओं की सच्चाई नजर आई। कवियों की अभिव्यक्ति ने माहौल को पूरी तरह बांधे रखा। जमकर हंसी के फव्वारे फूटे।

**जयभारत गुप्ता**, प्रधानाचार्य, बाल भवन स्कूल, गन्नौर



कवि सम्मेलन के एसोसिएट स्पॉन्सर जीडी गोयंका स्कूल की एचओडी भावना को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दीवान।



एसोसिएट स्पॉन्सर बहालगढ़ स्टील उद्योग लिमिटेड के निदेशक सोनू गोयल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजीव दहिया।



एसोसिएट स्पॉन्सर अपोलो इंटरनेशनल स्कूल से एडमिन ऑफिसर प्रमोद शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल।



एसोसिएट स्पॉन्सर ट्रेडिंग गुरुकुल के फाउंडर रविंद्र भारद्वाज को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सांसद सतपाल ब्रह्मचारी साथ में पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार।



कार्यक्रम के एसोसिएट स्पॉन्सर ग्रीन वैली इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार।



एसोसिएट स्पॉन्सर ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल से सलाहाकार संजय मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट करते जीवीएम संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परुथी।



एसोसिएट स्पॉन्सर शिवा शिक्षा सदन की कोर्डिनेटर ज्योति शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट करते कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दीवान।



हरिभूमि के 9वें कवि सम्मेलन के एसोसिएट स्पॉन्सर डिवाइन ग्रुप के वाइस प्रेसीडेंट विपिन शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट करते सांसद सतपाल ब्रह्मचारी।



एसोसिएट स्पॉन्सर पीएनबी सर्कल ऑफिस पानीपत के चीफ मैनेजर ललित त्यागी साथ में श्याम प्रकाश किलसन को स्मृति चिन्ह भेंट करते सांसद सतपाल ब्रह्मचारी।



एसोसिएट स्पॉन्सर गेटवे इंस्टीट्यूट के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राहुल मंगला को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, साथ हैं पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार।



एसोसिएट स्पॉन्सर सरस्वती शिक्षण संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत के डायरेक्टर दीपक शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते जीवीएम संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी।



एसोसिएट स्पॉन्सर एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल कुंडली के निदेशक नितिन जामरे का स्वागत करते हरिभूमि के सर्कुलेशन मैनेजर राजीव शर्मा साथ में हरिभूमि गन्नौर से विनोद राठी।



हरिभूमि कवि सम्मेलन में देव ऋषि स्कूल बहालगढ़ के निदेशक जोगिंदर आंतिल का स्वागत करते हरिभूमि डीएमएम सोनीपत मुरली तिवारी।

## खबर संक्षेप



### महाशिवरात्रि भगवान शिव व माता पार्वती के दिव्य मिलन का दिन

**सोनीपत।** श्रीराम परिवार, सोनीपत संस्था की ओर से सिक्का कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में सुंदरकांड पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। ओमप्रकाश अरोड़ा ने बताया कि श्रीरामचरितमानस में भगवान शिव को कृपा के सागर एवं रामभक्त शिरोमणि के रूप में वर्णित किया गया हैं, जो महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक मर्म को रेखांकित करते हैं। बालकांड में शिव महिमा, पार्वती शिव विवाह व रामकथा को शिव की ओर से रचित बताकर उन्हें लोक कल्याणकारी वैराग्य व ज्ञान के सर्वोच्च प्रतीक के रूप में पूजा गया है। महाशिवरात्रि शिव व माता पार्वती के दिव्य मिलन का दिन है, जब उन्होंने वैराग्य त्यागकर गृहस्थ जीवन अपनाया। तुलसीदास ने शिव को ऊमा रमन, करूणा अयन कहकर उनका गुणगान किया हैं। मानस में वर्णित समुंद्र मंथन के विष की ज्वाला से संसार को बचाने के लिए शिव ने विषपान किया था।

### महाशिवरात्रिः शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की भीड़, मेले जैसा रहा माहौल

# भक्तों ने आस्था के साथ किया शिवलिंग का जलाभिषेक

**हरिद्वार, गंगोत्री व गोमुख से कांवड़ लेकर पहुंचे कांवड़ियों ने जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महाशिवरात्रि पर्व पर जिलेभर के शिवालयों व प्राचीन मंदिरों में शिवभक्तों ने विधिविधान से शिवलिंग पर जलाभिषेक कर देवादि देव महादेव का आशीर्वाद लिया। शिवालय बम-बम भोले व हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठे। जिससे मंदिरों में भक्तिमय माहौल रहा। शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए सुबह से ही मंदिरों में लंबी-लंबी कतारें लगी रही। वहीं हरिद्वार, गंगोत्री व गोमुख से कांवड़ लेकर पहुंचे कांवड़ियों व शिव भक्तों ने गंगाजल व दूध से शिवलिंग पर अभिषेक किया।

जिलाभर के प्राचीन मंदिरों व शिवालयों में रविवार को महाशिवरात्रि पर मेले जैसा माहौल रहा। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। शिवरात्रि पर्व को लेकर शहरभर के मंदिरों को फूलों व लाइटों से सजाया गया। सुबह से ही शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। जलाभिषेक के बाद बेलपत्र, धतूरा, फल-फूल व मिठाई अर्पित कर मनोकामनाएं मांगी। मंदिरों में घंटों तक श्रद्धालु पूजा-अर्चना में मग्न रहे। कई शिवालयों व मंदिरों में श्रद्धालुओं ने हवन व रूद्राभिषेक कर भोलेनाथ से मनोकामनाएं मांगी। शिवरात्रि पर कई जगह हवन कर भंडारा भी लगाया गया। कैलाश कॉलोनी स्थित ओम शिव धाम मंदिर में श्रद्धालुओं ने मिलकर हवन में आहुति डाली। पंडित जितेंद्र शास्त्री ने बताया कि 16 फरवरी को मंदिर परिसर में सुबह भंडारा लगाया जाएगा।

108 बगलामुखी विष्णेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी एवं संरक्षक पंडित रामकृष्ण पाठक ने रुद्राभिषेक करवाया। मंदिर के प्रधान गुंजन पाठक ने बताया कि महाशिवरात्रि हिंदू संस्कृति एवं धर्म का बहुत ही बड़ा पर्व है। ग्रंथों के अनुसार आज के दिन भोलेनाथ का विवाह माता पार्वती के साथ हुआ था। इसी उपलक्ष्य में मंदिर में रात्रि चारों प्रहर का पूजन कर रुद्राभिषेक किया गया। भगवान शिव का रुद्राभिषेक करने से धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है। रुद्राभिषेक के बाद मंदिर में हवन किया गया।



सोनीपत की कैलाश कॉलोनी स्थित ओम शिव धाम मंदिर में हवन के पश्चात आरती करते श्रद्धालु। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** सोनीपत के कामी रोड स्थित शुगर मिल स्थित शिव मंदिर में हवन के पश्चात आरती करते श्रद्धालु। *फोटो :हरिभूमि*

### शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने मिलकर किया हवन

महाशिवरात्रि पर कामी रोड स्थित शुगर मिल स्थित शिव मंदिर में हवन कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई। पंडित अमित शौनक ने भगवान शिव का पूजन करवाकर हवन में मंत्रोच्चारण के साथ आहुति डलवाई। इसके बाद मिल के सभी कर्मचारियों ने मिलकर आरती कर भंडारा लगाया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में अरुण दहिया, अविनाश, प्रदीप मलिक, अजय पाल, रविंद्र त्यागी, दलबीर, राजेश सहित सभी कर्मचारियों ने सहयोग किया।

### जिम्मेदारियों में जुटे रहे सेवादार

कैलाश कॉलोनी स्थित ओम शिव धाम मंदिर, 108 बगलामुखी विष्णेश्वर महादेव मंदिर, सेक्टर-23 स्थित शिव मंदिर, हलवाई हट्टा स्थित चिटाने वाली माता मंदिर, मॉडल टाउन स्थित नवदुर्गा माता मंदिर, कामी रोड स्थित बाबा धाम मंदिर, काली माता मंदिर सहित ग्रामीण अंचल के शिवालयों में जलाभिषेक करने को लेकर तैयारियां की गई थी। शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहा। मंदिरों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रबंधक कमेटियों की ओर से सेवादारों की जिम्मेदारी लगाई गई थी।

### पति की कामना के लिए रखा व्रत

शिवरात्रि पर्व पर मंदिरों को रंग-बिरंगे फूलों व लाइटों से सजाया गया। जहां श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना के लिए शिवरात्रि का व्रत रखा, वहीं कुंवारी युवतियों ने पति की कामना के लिए व्रत रखकर भोलेनाथ को मनाया। शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। माना जाता है कि महाशिवरात्रि पर व्रत रखकर शिव की उपासना करने से कुंवारी लड़कियों का विवाह जल्द होता है।



**सोनीपत।** सोनीपत की कैलाश कॉलोनी स्थित ओम शिव धाम मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते कांवड़िए। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक करते हुए।

### पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने महाशिवरात्रि के पर्व पर किया जलाभिषेक

सोनीपत। सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने महाशिवरात्रि के पर्व पर रेलवे रोड स्थित नेहरू पार्क में आयोजित महा शिव पुराण कथा सहित अन्य शिव मंदिरों में पहुंचकर जलाभिषेक किया। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने जलाभिषेक कर भगवान शिव से शहवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने गन्नौर में सतकुम्भा तीर्थ स्थल पर पहुंचकर रूद्र महायज्ञ में पूर्ण आहुति दी व जलाभिषेक कर भगवान शिव के चरणों में वंदन किया। इस दौरान उन्होंने डॉ. स्वामी दिव्यांनंद महाराज व महंत राजेश स्वरूप महाराज का भी आशीर्वाद लिया। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि भगवान शिव देवों के देव महादेव ही नहीं बल्कि उन्हें उनके व्यक्तिव को कई गुणों की वजह से सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। वे सही मायने में जीवन जीने का सही तरीका सिखाते है। उनके व्यक्तित्व से सीखा जा सकता है कि जीवन में संतुलन कैसे लाना है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय बजट विकसित भारत की दिशा में ठोस कदम : कृष्णा गहलावत

- केन्द्रीय बजट को लेकर विधायक कृष्णा गहलावत ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा पेश किए गए देश के बजट को लेकर विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को अपने निवास स्थान पर पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बजट संतुलित, समावेशी और विकसित भारत की दिशा में एक ठोस कदम है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने ऐसा बजट प्रस्तुत किया है, जो देश के हर वर्ग को सशक्त बनाने वाला है। चाहे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हो या गरीब वर्ग सभी के कल्याण और उत्थान के लिए इसमें व्यापक प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ आर्थिक विकास को गति देने वाला है।उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार और कौशल विकास, किसानों की आय बढ़ाने तथा गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अनेक योजनाओं और प्रावधानों को शामिल किया गया है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिंका निभाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को यह बजट नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली से अंबाला के बीच नई रेल लाइन बिछाने की मंजूरी देकर हरियाणा को बड़ी सौगात दी है।



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को अपने निवास स्थान पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## न्यूज डायरी



### महाशिवरात्रि पर बलि कुतुबपुर में हवन-यज्ञ

**गन्नौर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर गांव बलि कुतुबपुर में ग्रामीणों द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने विशेष रूप से भाग लिया और यज्ञ में आहुति डालकर भगवान शिव से गांव की सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। गांव के सरपंच देवेंद्र सिंह सरोहा ने सपत्नीक यजमान की भूमिका निभाई। हवन के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को देशी घी के हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्रेम सिंह सरोहा, नफे सिंह छौक्कर, गुलाब शर्मा आदि मौजूद रहे।



### महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर पार्क में बांटा प्रसाद

**गन्नौर।** रेलवे रोड पर शिव मंदिर पार्क के सामने महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव पार्क समिति द्वारा मीठे चावल का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ रही और लोगों ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अंकित मल्हौत्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रसाद वितरण में सहयोग करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व समाज में आस्था और एकता का संदेश देता है। उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना की। समिति के सदस्य नंद छाबड़ा, सुरेंद्र जग्गा, प्रवेश मदान और सतीश टुटेजा आदि ने भंडारे की व्यवस्था में सहयोग दिया।



**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भगवान शिव को नमन करते हुए अरुण बंसल एवं अन्य।

### शिवा शिक्षा सदन में 26वां ग्यारह कुंडीय हवन

सोनीपत। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवा शिक्षा सदन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत 26वें ग्यारह कुंडीय हवन एवं महायज्ञ का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान ने विद्यालय परिसर को पूर्णतः शिवमय वातावरण से भर दिया। सुबह वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ हुआ यह महायज्ञ दोपहर बाद तक निरंतर चलता रहा, जिसमें विद्यालय संचालन समिति, शिक्षकगण, अभिभावक, छात्र-छात्राए एवं अनेक गणमान्य अतिथियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। लगभग 150 यजमानों ने विधिवत आहुति अर्पित कर भगवान शिव से विश्व शांति, सामाजिक समरसता, सुख-समृद्धि एवं राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन वीरेंद्र बंसल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान शिव को देवादिदेव यूँ ही नहीं कहा जाता, बल्कि उन्हीं से ब्रह्मा और विष्णु की उत्पत्ति हुई है, इसलिए वे त्रिदेवों में सर्वश्रेष्ठ हैं।

### धनाना के प्राचीन सिद्ध पीठ शिव मंदिर में लगा विशाल मेला

**गोहाना।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धा और उत्साह का संगम देखने को मिला। सुबह से ही शिवभक्त मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। पूरा क्षेत्र बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। गांव धनाना स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ शिव मंदिर में वार्षिक मेला भी लगा। शहर की पुरानी सब्जी मंडी के निकट प्राचीन शिवाला मस्तनाथ, बरोदा रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर, विष्णु नगर के शिव मंदिर के साथ गांव पूठी, माहरा, कोहला व अन्य गांवों के शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। गांव धनाना के प्राचीन शिव मंदिर में हरिद्वार और नीलकंठ से कांवड़ लेकर आए श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना करके कांवड़ चढ़ाई और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर उद्योगपति घनश्याम तायल, पुजारी राजेश शास्त्री, पं. रमेश, कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. अनिल धनाना और पं. चांद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



**गोहाना।** गांव धनाना के शिव मंदिर में शिवलिंग का जलाभिषेक करते हुए श्रद्धालु।



**गोहाना।** बेबी शो कार्यक्रम में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे हुए बाल विद्यार्थी।

### बेबी शोः बाल कलाओं की प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध

**गोहाना।** जेएलएन विद्यालय गोहाना में आयोजित बेबी शो में बाल विद्यार्थियों ने अपनी कलाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बेबी शो में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने नृत्य, गायन और अभिनय सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमोंकी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के लिए सानिध्य विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहा। संयुक्त अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत सिंह शर्मा का रहा। मुख्य अतिथि डॉ. गौरव अत्री ने कहा कि अभिभावकों को बच्चों से अत्यधिक अपेक्षाएं न रखते हुए उनका आत्मविश्वास बढ़ाना चाहिए तथा उनकी रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढने के अवसर प्रदान करने चाहिए। बेबी शो में प्रथम स्थान सिया एवं दीत्या, द्वितीय स्थान अनाया और तृतीय स्थान पर कनिष्क ने प्राप्त किया। बेस्ट अभिभावक प्रस्तुति अवार्ड इंदु शर्मा को मिला। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक स्व. रामकुमार शर्मा की स्मृति में पीपी-2 से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट भी आयोजित किया।

### तनख्वाह देने के मामले में जांच शुरू, 2 साल के कार्यों का मांगा ब्योरा

# डिप्टी रजिस्ट्रार पर बिना कार्य वेतन लेने का आरोप

**डीक्रूटा ने जताई उम्मीद, विभागाध्यक्षों पर गलत रिपोर्ट बनाने को लेकर नहीं डाला जाएगा कोई दबाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बिना काम के पिछले दो वर्ष तक फ्री में तनख्वाह लेने के मामले में की गई शिकायत पर विवि प्रशासन हरकत में आ गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पिछले दो वर्ष बिना कार्य के तनख्वाह लेने के मामले की जांच शुरु कर दी है। विभागों से डिप्टी रजिस्ट्रार की ओर से किए गए कार्यों का ब्योरा मांगा गया है। डीक्रूटा ने उम्मीद जताई कि विभागों पर डिप्टी रजिस्ट्रार के पक्ष में रिपोर्ट बनाने का दबाव नहीं डाला जाएगा। शिक्षकों के लंबित मामलों को लेकर नियम के अनुसार त्वरित कार्यवाही की जाएगी। डीक्रूटा ने कुछ दिन पहले कर्मचारियों व छात्रों के साथ मिलकर विश्वविद्यालय की अव्यवस्थाओं को लेकर रोष मार्च निकाल प्रदर्शन किया था। जिसमें कर्मचारियों ने कुलपति कार्यालय में डिप्टी रजिस्ट्रार को पिछले दो वर्ष से बिना कार्य के तनख्वाह देने का मामला भी उठाया गया था। डीक्रूटा अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने बताया कि डिप्टी रजिस्ट्रार को पिछले दो वर्ष से बिना कोई कार्य के तनख्वाह लेने को लेकर किए गए प्रदर्शन व ज्ञापन को लेकर प्रशासन हरकत में आ गया है। विभागों से पिछले दो वर्ष में डिप्टी रजिस्ट्रार की ओर से किए गए कार्य का ब्योरा मांगा है, ताकि सही तथ्यों को जांचकर जानकारी का पता लग सके।



### विभागाध्यक्षों के पदों पर नियुक्ति की उठाई मांग

डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में हाल में ही फिर से डीन ऑफ साइंसेस की नियुक्त में भी यूनिवर्सिटी एक्ट का पूर्ण रूप से वायलेशन किया गया, जिसकी शिकायत विवि के कुलाधिपति एवं राज्यपाल को भेजी जा चुकी है। विभिन्न विभागों के चेयरमैन की नियुक्ति पिछले तीन महीने से लंबित है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन महिलाओं को विभागाध्यक्ष के पद से दूर रखने के लिए यूनिवर्सिटी एक्ट का वायलेशन करने में जुटा हुआ है। उनकी मांग है कि विवि प्रशासन डीन व विभागाध्यक्षों के मामले की भी जांच करके, यूनिवर्सिटी एक्ट के अनुसार नियुक्ति की जाएगी।

### विवि में रोजाना का काम हो रहा प्रभावित

डॉ. अजय कुमार ने बताया कि दो वर्ष से एग्जाम की सभी ब्रांच, फैकल्टी, एकेडमिक ब्रांच, रजिस्ट्रेशन व स्कॉलरशिप ब्रांच, एकाउंट्स ब्रांच बिना किसी उच्च अधिकारी जैसे कि डिप्टी रजिस्ट्रार के ही चल रही हैं। जिससे विश्वविद्यालय में रोजाना का काम लगातार प्रभावित हो रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दो वर्ष से डिप्टी रजिस्ट्रार को बिना काम के तनख्वाह दी गई, जिससे विश्वविद्यालय को प्रति माह लाखों रुपये के नुकसान का अंदेशा है। उम्मीद है कि विवि प्रशासन ने डिप्टी रजिस्ट्रार के खिलाफ जो जांच शुरु की है, उसे निष्पक्ष तरीके से किया जाएगा। उन्हें जरूरत की जगह नियुक्त कर विश्वविद्यालय एवं छात्र हित में काम लिया जाएगा।

### महाशिवरात्रि पर पिपली में लगाया मेला व भंडारा

**खरखौदा।** शिव मंदिर कमेटी पिपली व ग्रामवासियों के सहयोग से वार्षिक महाशिवरात्रि समारोह के अन्तर्गत भंडारे व मेले का आयोजन किया गया।

विधायक पवन खरखौदा, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया, ब्लॉक चेयरमैन सतेंद्र ने कार्यक्रम में शिरकत कर समारोह की शोभा बढ़ाई। शिव मंदिर के प्रांगण में ग्राम पंचायत द्वारा श्री राम वाटिका बनाई गई है। जिसका उपयोग ग्रामवासी व आसपास के गांवों के व्यक्ति कर रहे हैं। विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान हमारी संस्कृति की पहचान है। इन्हीं अनुष्ठानों के कारण समाज में भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मास्टर करतार सिंह ने मंच का कुशल संचालन किया।



### महाशिवरात्रि अटूट आस्था और भक्ति का प्रतीक

**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान ने रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर सोनीपत में विभिन्न जगहों पर आयोजित भजन कीर्तन और भंडारों में भाग लिया। विधायक मदान ने फाजिलपुर के शिवालय, सेक्टर 13 शिव मंदिर, बालाजी मंदिर सिद्धार्थ एनक्लेव में पहुंच कर भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इसके बाद विधायक निखिल मदान ने महाशिवरात्रि के अवसर पर सेक्टर 15 बिहारी मार्केट, शिवा कॉलोनी देवडू रोड, बस स्टैंड पर आयोजित भंडारों में हिस्सा लिया। अहमदपुर गांव में पहुंचकर महाशिवरात्रि पर गाँव की पहली कांवड़ लाने वाले भोले विशेष को शुभकामनाएं दी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हम सबके लिए आस्था का प्रतीक है और देवों के देव महादेव ही इस सृष्टि के कर्ता धर्ता है। भगवान शिव अनादि और अनंत है और अपने सभी भक्तों के दुःख दूर करते है। भगवान शिवजी की आराधना करने वाले भक्त की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

### महाशिवरात्रि पर हुए धार्मिक कार्यक्रम

**राई।** महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर राई हल्के के अहमदपुर, बहालगढ़ और हलालपुर गांव में धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण ने शिरकत कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। गांवों के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने सुबह से ही जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। महिलाओं व युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संबोधित करते हुए मास्टर सत्यनारायण ने कहा कि महा शिवरात्रि का पर्व हमें सत्य, संयम और सदाचार का संदेश देता है। भगवान शिव त्याग और तपस्या के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों पर चलकर समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं।